# विश्व के प्रमुख पर्वत

**1. एण्डीज पर्वत के संदर्भ में कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. यह विश्व की सबसे लम्बी पर्वतमाला है।**
**2. यह एक वलित पर्वतमाला है।**
**3. इसका निर्माण दक्षिणी अमेरिकन प्लेट तथा प्रशान्त महासागरीय प्लेट के अभिसरण से हुआ है।**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 1 व 2
(c) केवल 1 व 3
(d) उपर्युक्त सभी **[d]**

**2. निम्न को सुमेलित कीजिए-**

| सूची-I (पर्वत) | सूची-II (देश) |
|---|---|
| (A) ग्रेट डिवाइडिंग रेंज | 1. फ्रांस व इटली |
| (B) आल्प्स | 2. मोरक्को, अल्जीरिया, ट्यूनीशिया |
| (C) एल्बुर्ज | 3. ऑस्ट्रेलिया |
| (D) एटलस | 4. ईरान |

**कूट:-**
(a) A-3 B-1 C-4 D-2
(b) A-3 B-1 C-2 D-4
(c) A-4 B-2 C-1 D-4
(d) A-2 B-1 C-3 D-4 **[a]**

**3. नॉर्वे व स्वीडन देश की सीमा का कौन-सा पर्वत स्थित है?**
(a) जलोन
(b) जाग्रोस
(c) अपलेशियन
(d) आल्प्स **[a]**

**4. ग्रेट डिवाइडिंग रेंज पर्वत से किन नदियों का उद्गम होता है?**
(a) मर्रे व डार्लिंग
(b) मर्रे व स्वान
(c) यूराल व वोल्गा
(d) राइन व ओडर **[a]**

**5. वह कौन-सी पर्वतमाला है जो यूरोपीय रूस को एशियाई रूस से अलग करती है?**
(a) यूराल
(b) जूरा
(c) आल्प्स
(d) पिरेनीज **[a]**

**6. यूरोप व एशिया के मध्य सीमा बनाने वाले पर्वत है-**
(a) एटलस व यूराल
(b) यूराल व कॉकेशस
(c) आल्प्स व यूराल
(d) पिरेनीज व आल्प्स **[b]**

**7. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. पिरेनीज पर्वत – फ्रांस व स्पेन के मध्य सीमा बनाता है।**
**2. आल्प्स पर्वत – फ्रांस व जर्मनी के मध्य सीमा बनाता है।**
**3. जूरा पर्वत – फ्रांस व स्विट्जरलैण्ड के मध्य सीमा बनाता है।**
**उपर्युत कथनों मे से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) 1 व 2
(b) 1 व 3
(c) 2 व 3
(d) 1, 2 व 3 **[b]**

**8. दक्षिणी आल्प्स पर्वत कौन से देश में स्थित है?**
(a) फ्रांस
(b) इटली
(c) ब्राजील
(d) न्यूजीलैण्ड **[d]**

**9. निम्न को सुमेलित कीजिए-**

| सूची-I (पर्वतमाला) | सूची-II (पर्वत चोटी) |
|---|---|
| (A) आल्प्स | 1. माउण्ट देनाली |
| (B) रॉकीज | 2. कोशियुश्को |
| (C) एण्डीज | 3. माउण्ट ब्लांक |
| (D) ग्रेट डिवाइडिंग रेंज | 4. अकांकागुआ |

**कूट:-**
(a) A-2 B-1 C-3 D-4



उत्कर्ष JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

(b) A-4 B-3 C-2 D-1
(c) A-3 B-2 C-1 D-4
(d) A-3 B-1 C-4 D-2 **[d]**

**10. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. यूरोप महाद्वीप की सर्वोच्च चोटी माउण्ट एल्ब्रुस है।**
**2. अफ्रीका महाद्वीप की सर्वोच्च चोटी माउण्ट केन्या है। 3. ऑस्ट्रेलिया देश की सर्वोच्च चोटी माउण्ट कोशियुश्को है।**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2 व 3
(c) केवल 1 व 3
(d) उपर्युक्त सभी **[c]**

**11. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. एण्डीज पर्वत अफ्रीका महाद्वीप के दक्षिणी भाग में स्थित है।**
**2. एटलस पर्वत का विस्तार मोरक्को, अल्जीरिया व ट्यूनिशिया देशों में है।**
**3. एटलस पर्वत् की सर्वोच्च चोटी माउण्ट टुब्कल मोरक्को देश में है।**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1 व 2
(b) केवल 2 व 3
(c) केवल 1 व 3
(d) उपर्युक्त सभी **[b]**

**12. ड्रेकन्सबर्ग पर्वत के संबंध में कौन-सा कथन असत्य है?**
(a) इसका विस्तार दक्षिणी अफ्रीका देश में है।
(b) इसकी सर्वोच्च चोटी थबाना नेत्याना है।
(c) थबाना नेत्याना पर्वतचोटी लेसोथो देश में स्थित है।
(d) ड्रेकन्सबर्ग पर्वत नाइजीरिया देश में स्थित है। **[d]**

**13. पेनाइन्स पर्वत कौन से देश में स्थित है?**
(a) यू.के.
(b) फ्रांस
(c) जर्मनी
(d) स्विट्जरलैण्ड **[a]**

**14. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. एण्डीज पर्वतमाला पर विश्व का सबसे ऊँचा सक्रीय ज्वालामुखी कोटोपैक्सी स्थित है।**
**2. एण्डीज पर्वतमाला पर विश्व की सबसे ऊँची झील टीटीकाका स्थित है।**
**3. एण्डीज पर्वतमाला की सर्वोच्च पर्वत चोटी अकांकागुआ है।**
**4. एण्डीज पर्वतमाला पर लापाज नगर स्थित है।**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कथन सत्य है/हैं?**
(a) 1, 2, 4
(b) 1, 3, 4
(c) 2, 3, 4
(d) उपर्युक्त सभी **[d]**

**15. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. हिमालय एक नवीन वलित पर्वत है।**
**2. हिमालय टेथिस सागर के अवशेष के रूप में है।**
**3. हिमालय का निर्माण इण्डो ऑस्ट्रल प्लेट व अफ्रीकन प्लेट की अभिसारी गति से हुआ है।**
**4. हिमालय का विस्तार भारत के सात राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में है।**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1 व 2
(b) केवल 2 व 3
(c) केवल 1, 2 व 4
(d) उपर्युक्त सभी **[a]**

**16. निम्नलिखित पर्वतों को उनकी घटती आयु के अनुसार सजाइये –**
**1. हर्सिनियन पर्वत**
**2. अल्पाइन पर्वत**
**3. केलेडोनियन पर्वत**
**4. चर्नियन पर्वत**
**कूट:**
(a) 4, 3, 2, 1
(b) 3, 4, 1, 2
(c) 2, 1, 4, 3
(d) 4, 3, 1, 2 **[d]**



उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

# विश्व के प्रमुख पर्वत

**17. निम्न में से कौनसा कथन असत्य है**
(a) आल्प्स पर्वत की सर्वाच्च चोटी माउण्ट ब्लॉक है।
(b) माउण्ट ब्लॉक फ्रांस राष्ट्र में स्थित है।
(c) माउण्ट ब्लॉक यूरोप महाद्वीप की सर्वाच्च चोटी है।
(d) आल्प्स पर्वत एक नवीन वलित पर्वत है। **[c]**

**18. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए?**
**1. कार्पेथियन पर्वत – आल्प्स पर्वत का ही पूर्वी विस्तार है।**
**2. पौंटिक व टौरस पर्वतों का विस्तार ईरान देश में है।**
**उपरोक्त में से कौनसा/कौनसे कथन सत्य है।**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 व 2 दोनों
(d) न ही 1 व न ही 2 **[a]**

**19. हिन्दुकुश, सुलेमान व किरथर किस देश के पर्वत है।**
(a) पाकिस्तान
(b) अफगनिस्तान
(c) चीन
(d) ईरान **[a]**

**20. एल्बुर्ज व जाग्रोस पर्वत का विस्तार किस देश में है।**
(a) ईराक
(b) टर्की
(c) चीन
(d) ईरान **[d]**

**21. अपलेशियन पर्वत के संबंध में कौनसा कथन असत्य है।**
(a) यह संयुक्त राज्य अमेरिका के पूर्वी भाग में स्थित है।
(b) इसकी सर्वोच्च चोटी माउण्ट मिशेल है।
(c) यह एक नवीन वलित पर्वत है।
(d) यह केलोडोनियन काल का पर्वत है। **[c]**

**22. विश्व की सबसे ऊँची पर्वतचोटी कौनसी है।**
(a) गॉडविन ऑस्टिन $K_2$
(b) कंचनजंघा
(c) माउण्ट एवरेस्ट
(d) अन्नपूर्णा **[c]**

**23. यूरोप महाद्वीप की सर्वोच्च पर्वतचोटी है।**
(a) माउण्ट लोगान
(b) माउण्ट मैक्किन्ले
(c) माउण्ट ब्लॉक
(d) माउण्ट एल्ब्रुस **[d]**

**24. अफ्रीका महाद्वीप की सर्वोच्च पर्वतचोटी कौनसी है।**
(a) माउण्ट केन्या
(b) माउण्ट केमरून
(c) किलिमंजारो
(d) माउण्ट कोरट **[c]**

**25. ऑस्ट्रेलिया देश की सर्वोच्च पर्वतचोटी कौन-सी है?**
(a) माउण्ट मीसा
(b) माउण्ट कुक
(c) माउण्ट टौरस
(d) माउण्ट कोशियुश्को **[d]**

**26. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है।**
(a) विश्व की दूसरी सर्वोच्च पर्वत चोटी भारत में है।
(b) कंचनजंघा पर्वतचोटी सिक्किम व भूटान की सीमा पर है।
(c) नामचा बरवा पर्वतचोटी भारत व चीन की सीमा पर है।
(d) माउण्ट एवरेस्ट पर्वतचोटी नेपाल देश में स्थित है।
**[b]**

**27. निम्नलिखित पर्वतचोटियों को बड़े से छोटे क्रम में सजाइये?**
**1. अकांकागुआ**
**2. माउण्ट कोशियुश्को**
**3. माउण्ट मैक्किन्ले**
**4. माउण्ट किलिमंजारो**
(a) 1, 3, 1, 4
(b) 1, 3, 4, 2
(c) 3, 1, 4, 2
(d) 2, 3, 1, 4 **[b]**

**28. निम्न में से कौन-सा युग्म असंगत है।**

| पर्वत | महाद्वीप |
|---|---|
| (a) पेनाइंस | यूरोप |
| (b) ग्रेट डिवाइडिंग रेंज | ऑस्ट्रेलिया |



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

| | |
|---|---|
| (c) ड्रेकन्सबर्ग | एशिया |
| (d) अपलेशियन | उत्तरी अमेरिका |

[c]

**29. निम्न में से कौन-सा पर्वत दक्षिणी गोलार्द्ध में स्थित नहीं है?**
(a) ड्रेकन्सबर्ग
(b) काराकोरम
(c) ग्रेट डिवाइडिंग रेंज
(d) एण्डीज **[b]**

**30. हिमालय पर्वत शृंखला में स्थित भारत की सर्वोच्च पर्वतचोटी कौन-सी है?**
(a) नामचा बरवा
(b) नन्दा देवी
(c) कंचनजंघा
(d) गॉडविन ऑस्टिन ($K_2$) **[c]**



उत्कर्ष JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213